आज का सार

भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने एएचएफ जूनियर एशिया कप 2026 में अपने खिताब के बचाव की शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम ने शनिवार को पूल ए के मुकाबले में इंडोनेशिया को 14-0 से हराया।

सार समाचार

अनाहत सिंह क्वार्टर फाइनल में हारीं

लंदन,आईएएनएस। भारत की अनाहत सिंह का लंदन स्क्वैश क्लासिक में सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हार के साथ समाप्त हो गया। मलेशिया की तीसरी सीड शिवसांगरी सुब्रमण्यम ने अनाहत को हराया। मौजूदा वर्ल्ड जूनियर चैंपियन अनाहत मुकाबले की शुरुआत से ही खुद को मजबूत करने के लिए संघर्ष कर रही थीं। शिवसांगरी ने रैलियों को नियंत्रित किया और लगातार अनाहत को कोर्ट के पीछे धकेलते हुए सिर्फ 17 मिनट में 11-4, 11-4 से जीत हासिल की। इस नतीजे के साथ यूएसडी 144,000 पीएसए गोल्ड इवेंट में अनाहत का सफर खत्म हो गया।

रिंकू सिंह ने मेरठ मावेरिक्स को फाइनल में पहुंचाया

लखनऊ,वार्ता। बड़े खिलाड़ी बड़े मौकों पर ही अपनी छाप छोड़ते हैं, लेकिन मेरठ मावेरिक्स के कप्तान रिंकू सिंह ने इसे एक नए स्तर पर पहुँचा दिया है। हाथ की गंभीर चोट और असहनीय दर्द के बावजूद रिंकू सिंह ने पेनकिलर खाकर मैदान में उतरने का फैसला किया और अपनी टीम को नोएडा किंग्स पर 6 विकेट की शानदार जीत दिलाकर लगातार चौथी बार यूपी टी20 लीग के ग्रैंड फिनाले में पहुँचा दिया। मैच के बाद अपने जज्बे पर बात करते हुए रिंकू सिंह ने कहा, टीम के लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूँ, चाहे चोट हो या कुछ और। कल मुझे लगा था कि अगर मैं थोड़ा और स्वस्थ होता और कोई बल्लेबाज मेरे साथ टिकता, तो हम वह मैच (क्वालिफायर-1) जीत सकते थे। आज भी स्थिति वैसी ही थी।

मैंने पेनकिलर ली और खेला। हाथ थोड़ा बेहतर था, लेकिन सच कहूँ तो अभी भी काफी दर्द हो रहा है।

अल्काराज़ ने वू का सफ़र खत्म किया, सबालेंका आगे बढ़ीं

अप्रैल में दाहिनी कलाई की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन से हटने के बाद यह अल्काराज़ का पहला टूर्नामेंट है।

न्यूयॉर्क ■ वार्ता/डेस्क

मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने शुक्रवार को पुरुष सिंगल्स के तीसरे राउंड में चीनी खिलाड़ी वू यिबिंग को 6-3, 6-4, 6-1 से हराकर उनका यूएस ओपन का सफ़र खत्म कर दिया, जबकि महिला वर्ग की टॉप सीड आर्यना सबालेंका भी अंतिम 16 में पहुंच गईं। वू ने पहले दो सेटों में कड़ी टक्कर दी, लेकिन अल्काराज़ ने बार-बार उनकी सर्विस पर दबाव बनाया और 15 में से सात ब्रेक पॉइंट जीते। तीसरे सेट में स्पेनिश खिलाड़ी ने बढ़त बना ली, जबकि वू ने मैच 12 विनर्स और 40 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ खत्म किया।

अल्काराज़ ने वू के बॉल-स्ट्राइकिंग की तारीफ़ करते हुए कहा, जिस तरह से वह खेलते हैं, उनका फोरहैंड और बैकहैंड अविश्वसनीय है, इसलिए कोर्ट पर गेंद बहुत तेज़ी से उछलती है। वू ने शुरुआती सेटों में निराशा ज़ाहिर करते हुए कहा कि उनमें फोकस की कमी थी और अहम मौकों पर किस्मत ने भी साथ नहीं दिया। वू ने कहा, कुल मिलाकर, वह बेहतर स्तर पर थे। शारीरिक रूप से और मैच के अहम पलों को संभालने के मामले में वह मुझसे आगे रहे। वू, जो 2022 में भी US ओपन के तीसरे राउंड में पहुंचे थे, ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में पहुंचने वाले पहले चीनी पुरुष खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे थे।

अप्रैल में दाहिनी कलाई की चोट के कारण बार्सिलोना ओपन से हटने के बाद यह अल्काराज़ का पहला टूर्नामेंट है। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं और मैच की लय वापस पा रहे हैं। अगले दौर में उनका सामना अमेरिकी 20वीं सीड टॉमी पॉल से होगा, जिन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-4, 3-6, 6-7 (4), 6-1, 6-3 से हराया। रूस के सातवें सीड दानिल मेदवेदेव ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका मुकाबला 11वें सीड अमेरिकी फ्रांसिस टियाफो से होगा, जिन्होंने मोनाको के वैलेन्टिन वाचेरोट को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया।

स्टेफानोस सितसिपास ने भी धीमी शुरुआत से उबरते हुए चेक गणराज्य के 18वें सीड जिरी लेहेका को 2-6, 6-1, 7-6 (3), 6-1 से हराया और पहली बार यूएस ओपन के चौथे राउंड में जगह बनाई। महिला ड्रॉ में, मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने उज्बेकिस्तान की कामिला राखिमोवा को 6-3, 6-4 से हराया। उनका अगला मुकाबला अमेरिकी टेलर टाउनसेंड से होगा, जिन्होंने 15वें सीड डायना श्नाइडर को 6-2, 6-7 (3), 6-3 से हराकर उलटफेर किया। तीसरी सीड जेसिका पेगुला ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को 1-6, 6-4, 6-3 से हराया। जबकि अमेरिकी 26वें सीड एम्मा नवारो ने सातवीं सीड चेक खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा को 6-3, 7-5 से बाहर कर दिया। चेक गणराज्य की छठी सीड लिंडा नोस्कोवा ने अमेरिकी एन ली को 6-2, 6-7 (6), 6-2 से हराया, और 21वीं सीड अन्ना कलिनस्काया ने यूक्रेन की नौवीं सीड एलिना स्वितोलिना को 6-3, 2-6, 6-3 से हराया। महिला डबल्स में, 14वें सीड चान हाओ-चिंग और माया जॉइंट ने सेरेना और वीनस विलियम्स को 6-3, 6-7 (6), 7-6 (7) से हराकर उलटफेर किया और निर्णायक टाईब्रेक 10-7 से जीता।

काउंटी क्रिकेट में चमके मानव सुथार

लंदन,वार्ता। वारविकशायर ने तीन दिन में हैम्पशायर को पारी के अंतर से हराते हुए काउंटी चैंपियनशिप के ख़िताब की दौड़ में ख़ुद को बरक़रार रखा है। मानव सुथार के चार झटकों की बदौलत पहली पारी में 115 रन बनाने वाली हैम्पशायर की पूरी टीम दूसरी पारी में 154 रनों पर सिमट गई। वॉरिकशायर ने 22 अंक अर्जित किए जिसका मतलब है कि वह समरसेट और नॉटिंघमशायर के साथ जारी ख़िताब की रोचक भिड़ंत के बीच नॉटिंघमशायर को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सीज़न हैम्पशायर को सिर्फ़ तीन बैटिंग अंक मिले हैं और वह 32 अंकों के साथ सबसे नीचे हैं। वे 32 अंक पीछे हैं और अगले सप्ताह ट्रेंट ब्रिज में उनके डिविज़न 2 में जाने की पुष्टि हो सकती है। दूसरे दिन के खेल में 23 ओवर में छह विकेट झटकने के बाद वारविकशायर की पारी के अंतर से जीत की उम्मीदें जाग गई थीं, सवाल बस इतना था कि हैम्पशायर कोई संघर्ष दिखा पाएगी या नहीं। हालांकि देरी से खेल शुरू होने के एक घंटे के भीतर ही उन्होंने अपने शेष चार विकेट गंवा दिए। पहली पारी में गेंदबाज़ों ने सामूहिक प्रदर्शन किया था।

फ्रेंडली उनके लिए, हमें जान की बाजी लगानी है

नई दिल्ली ■ राजेंद्र सजवान

ब्राज़ील, उरुग्वे और पनामा से भारतीय फुटबाल टीम भले ही बड़ी हार को प्राप्त हो लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इन मुकाबलों से हमारे खिलाडी, टीम मैनेजमेंट,कोच, और यहाँ तक कि फुटबाल प्रेमी क्या सबक लेते हैं? पिछला इतिहास उठा कर देखें तो 50 सालों में हमने कुछ भी नहीं सीखा, सिर्फ और सिर्फ बदनामी, थू थू और नाकारा पन भारतीय फुटबाल के हिस्से आया है। खासकर, इक्कीसवीं सदी के लिए जो हुंकार भरी थी, उसका खोखलापन पूरी दुनिया के सामने है। अर्थात तीन फ्रेंडली मुकाबले खेल कर भले ही बहुत कुछ नहीं सीख सकतेहैं1 लेकिन दिग्गज खिलाडियों की चाल- ढाल और खेल कौशल से सबक जरूर ले सकते हैं।

बिना नाम लिए बताना चाहता हूं कि कुछ बड़े नामों को शामिल नहीं किया गया है। इसलिए क्योंकि वे सालों से मुफ्त की रोटियां तोड़ रहे थे। ऐसे में यह भी देखना जरुरी है कि जो टीम में शामिल किए गए हैं, चयन के हक्कदार हैं या नहीं। यह सवाल इसलिए क्यों कि भारतीय खेल आकाओं का चरित्र इतना गिर चुका हैं कि उन्हें छोटे स्वार्थो के चलते देश का ख्याल नहीं रहता। उम्मीद है सितम्बर - अक्टूबर में खेले जाने वाले मैचों के लिए टीम चयन पर सवाल नहीं उठेंगे।

वैसे भी जिन देशों से खेलना है उनकी फुटबाल का स्तर इतना उन्नत है कि वहाँ तक पहुँचने में भारत महान को दशकों या शायद सैकड़ों साल भी लग सकते हैं। भले ही फुटबाल के चाहने वाले सहमत ना हों लेकिन 1965 के बाद हमारी फुटबाल ने लगातार देश का मान सम्मान गिराया है। कुछ स्थापित खिलाडियों को टीम में स्थान नहीं देना साहसिक कदम है क्योंकि पिछले कई सालों से टीम पर बोझ बने हुए थे।

दूसरी तरफ मेहमान टीमें शायद ही सभी स्टार खिलाडियों के साथ आएं। उनका मकसद सैर सपाटा या कुछ और हो सकता है। इसलिए भारतीय दर्शक कोई बड़ी उम्मीद ना बांधे। मेहमान खिलाडियों के लिए मुकाबले महज खानपूरी होंगे जबकि हमारे खिलाड़ी पूरी जान लड़ा देंगे। लेकिन यही मौका है कि भारतीय फुटबाल अपने खिलाडियों को करीब से देखे परखे और भविष्य की टीम तैयार करें।

जूनियर एशिया कप हाकी: भारतीय टीम ने इंडोनेशिया को 14-0 से हराया

मोकी ■ आईएएनएस/डेस्क

भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने एएचएफ जूनियर एशिया कप 2026 में अपने खिताब के बचाव की शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम ने शनिवार को पूल ए के मुकाबले में इंडोनेशिया को 14-0 से हराया। कप्तान अनमोल एक्का, प्रभदीप सिंह और अजीत यादव ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। तीनों ने मिलकर 12 गोल किए।

प्रभदीप सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने पांच बार गोल करके 'प्लेयर ऑफ द मैच' का अवॉर्ड जीता। कप्तान अनमोल ने चार गोल किए और यादव ने तीन गोल किया। हरपाल और आशु मौर्य ने बाकी दो गोल किए। भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज बताया।

APAC FINANCIAL SERVICES PRIVATE LIMITED

APACFIN

कॉरपोरेट कार्या.: कार्यालय सं. 501, 05वीं मंजिल, साउथ एनेक्स टावर 2, वन वर्ल्ड सेंटर, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013. ईमेल: contactus@apacfin.com

मांग सूचना

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के प्रावधानों के तहत

अधिनियम के तहत एपैक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते और नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋणधारकों को अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जारी कर उन्हें उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया था। अधोहस्ताक्षरी का उचित रूप से यह मानना है कि ऋणधारकों मांग सूचना की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नियमों के अनुसार चिपकाकर और प्रकाशन द्वारा सूचना की तामील की जा रही है। मांग सूचना की सामग्री नीचे दी गई है:

ऋण खाता सं. / ऋणधारकों का नाम	मांग सूचना की तिथि और राशि	एनपीए तिथि:
SBLPBHI00050374 1. शिव नारायण 2. राधा देवी माली	25-08-2026 और रु. 20,03,977.32/- 24-08-2026 की तिथि को	02/09/25

बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण: पट्टा सं. 21, ग्राम राणिकपुरा, ग्राम पंचायत चमनपुरा, पंचायत समिति, बनेड़ा, जिला- भीलवाड़ा, राजस्थान-311401 में स्थित, कुल क्षेत्रफल = 266 वर्ग गज। सीमाएं: पूर्व- स्वयं का बाड़ा, पश्चिम- सड़क, उत्तर- हरी लाल माली, दक्षिण- भेरू/मांगू माली

एतद्द्वारा ऋणधारकों को सलाह दी जाती है कि वे मांग सूचना का पालन करें और इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर ऊपर उल्लिखित मांग राशि का लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और भुगतान के वास्तविक तारीख तक के खर्चों के साथ भुगतान करें। ऋणधारकों ध्यान दें कि एपैक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एक प्रतिभूत लेनदार है और ऋणधारकों द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा अचल संपत्ति/यों के विरुद्ध एक प्रतिभूत ऋण है, जो ऋणधारकों द्वारा एपैक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास बंधक रखी गई सुरक्षित संपत्ति है। यदि ऋणधारकों निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूरी तरह से निर्वहन करने में विफल रहते हैं, तो एपैक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ऋणधारकों के ऋण खाते की बकाया राशि की वसूली के लिए सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने सहित, बिक्री के माध्यम से इसे स्थानांतरित करने या अधिनियम व नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय का उपयोग करने के लिए अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने की हकदार होगी। एपैक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले प्रतिभूत संपत्ति/यों को कुर्क और/या सील करने के लिए भी अधिकृत है। प्रतिभूत संपत्ति/यों की बिक्री के बाद, यदि गिरवी रखी गई संपत्ति/यों का मूल्य एपैक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को देय बकाया को कवर करने के लिए अपर्याप्त होता है, तो एपैक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास शेष बकाया वसूल करने के लिए अलग कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है। यह उपाय एपैक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को किसी अन्य कानून के तहत उपलब्ध अन्य सभी उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है। ऋणधारकों का ध्यान प्रतिभूत परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 (8) की ओर आकर्षित किया जाता है और आगे अधिनियम की धारा 13(13) की ओर भी आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत ऋणधारकों को एपैक फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना प्रतिभूत परिसंपत्ति/यों का निपटान करने या बेचने, पट्टे पर देने या अन्यथा (व्यवसाय के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी प्रतिभूत परिसंपत्ति/यों को हस्तांतरित करने से रोका/निषेध किया गया है और उपरोक्त का पालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। मांग सूचना(ओं) की प्रति अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध है और यदि ऋणधारक चाहें, तो सामान्य कार्यालय समय के दौरान किसी भी कार्य दिवस पर अधोहस्ताक्षरी से इसे प्राप्त कर सकते हैं।

दिनांक: 06.09.2026
हस्ता./-, अधिकृत अधिकारी

आर्थिकी/कंपनियां

टीसीएस हैदराबाद में शुरू करेगी एक गीगावाट का डेटा सेंटर

हैदराबाद ■ वार्ता/डेस्क

टाटा समूह की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस हैदराबाद में 264 एकड़ में एक गीगावाट का डेटा सेंटर स्थापित करेगी।

कंपनी ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह अपनी सहायक कंपनी हाइपरवॉल्ट एआई डेटा सेंटर लिमिटेड के जरिये यह डेटा सेंटर शुरू करेगी। इसके लिए उसने जमीन अधिग्रहण का काम पूरा कर लिया है। टीसीएस हाइपरवॉल्ट को चरणबद्ध तरीके से विकसित कर रही है। वह हाइपरस्केलर्स, एआई कंपनियों और वैश्विक कंपनियों के लिए सुरक्षित, विस्तार के विकल्प के साथ और एआई-रेडी डेटा सेंटर अवसंरचना तैयार कर रही है।

हाइपरवॉल्ट के डेटा सेंटर विशेष रूप से एआई वर्कलोड के लिए बनाये जा रहे हैं। इनमें लिक्विड कूलिंग, डायरेक्ट टू चिप कूलिंग, हाई रैक डेनसिटी, हरित ऊर्जा और विश्वसनीयता को जोड़ने वाला एनर्जी मॉडल तथा मजबूत नेटवर्क कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं होंगी। कंपनी और उसके साझेदार इस अवसंरचना के निर्माण और प्रबंधन के लिए 70,000 करोड़ रुपये तक निवेश करने की उम्मीद कर रहे हैं। टीसीएस ने बताया कि हैदराबाद का यह एआई डेटा सेंटर कैम्पस विशेष रूप से फ्रंटियर एआई कंपनियों और हाइपरस्केलर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया जायेगा। इसमें एआई प्रशिक्षण, इंफ्रेंस और आधुनिक कंप्यूटिंग वर्कलोड्स के लिए हाई-डेंसिटी जीपीयू लगाने की सुविधा होगी।

टाटा मोटर्स ने इवेको के लिए निविदा पेशकश शुरू की

नई दिल्ली, भाषा। टाटा मोटर्स ने इटली की वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी इवेको ग्रुप के सभी साधारण शेयरों के अधिग्रहण के लिए 14.10 यूरो प्रति शेयर की दर से स्वैच्छिक नकद निविदा पेशकश शुरू की है। इस पेशकश के तहत इवेको का मूल्यांकन करीब 3.82 अरब यूरो किया गया है।

टाटा मोटर्स और इवेको ग्रुप ने शुक्रवार को संयुक्त घोषणा में कहा कि यह पेशकश टीएमएल सीवी होल्डिंग्स बी.वी. के जरिये की जा रही है। शेयरधारकों के लिए पेशकश स्वीकार करने की अवधि सात सितंबर से 26 अक्टूबर, 2026 तक होगी।

प्रति साधारण शेयर 14.10 यूरो की पेशकश कीमत लाभांश सहित है। यह लेनदेन इवेको के प्रस्तावित अधिग्रहण की दिशा में टाटा मोटर्स का नवीनतम कदम है। इटली के बाजार नियामक कंसोब ने पेशकश दस्तावेज को मंजूरी दे दी है, जिससे शेयरधारकों के लिए पेशकश स्वीकार करने की प्रक्रिया का रास्ता साफ हो गया है।

इवेको ग्रुप के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से लेनदेन का समर्थन किया है और शेयरधारकों से पेशकश स्वीकार करने की सिफारिश की है।

रूस, यूक्रेन के बीच शांति की नई कोशिश के तहत अमेरिकी दूत मास्को पहुंचे

मास्को ■ एपी/डेस्क

यूक्रेन पर रूस के व्यापक हमले को समाप्त करवाने के बारे में रुकी हुई कोशिशों को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शनिवार को मास्को पहुंचे। रूसी सरकारी समाचार प्रतिष्ठानों ने यह जानकारी दी।

यह दौरा ऐसे समय में हुआ जब दोनों पक्षों ने हवाई हमले तेज कर दिए थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन दूतों की यात्रा के दौरान हवाई हमले रोक देगा और उन्होंने मास्को से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया। मास्को ने इस प्रस्ताव पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

वॉशिंगटन की अब पांचवें साल में चल रही लड़ाई खत्म करने की कोशिश धीमी पड़ गई है क्योंकि पिछले छह महीनों से अमेरिका का ध्यान ईरान के साथ जारी लड़ाई पर केंद्रित है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने बताया कि हवाई अड्डे पर रूसी दूत किरिल दिमित्रिएव ने इन दूतों से मुलाकात की। विटकॉफ और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद कुशनर की मास्को की पिछली ज्ञात यात्रा जनवरी में हुई थी, जब वे क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिले थे उन्होंने कभी कीव की यात्रा नहीं की है, लेकिन जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें रविवार को यूक्रेनी राजधानी में उनके आने की उम्मीद थी।

वाहन कलपुर्जा कंपनियों की 98,000 करोड़ रुपये की पूंजी माल में फंसी: रिपोर्ट

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

वाहन कलपुर्जा उद्योग की करीब 98,000 करोड़ रुपये पूंजी माल के भंडार में फंसी हुई है। माल भंडार के बेहतर प्रबंधन करने से इसमें से 29,000-39,000 करोड़ रुपये की पूंजी को मुक्त किया जा सकता है। वेक्टर कंसल्टिंग ग्रुप की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, संभावित रूप से मुक्त होने वाली कार्यशील पूंजी में से 4,000-5,600 करोड़ रुपये सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) क्षेत्र से हो सकते है। देश में वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं में करीब 80 प्रतिशत हिस्सेदारी एमएसएमई की है।

वेक्टर कंसल्टिंग ग्रुप की रिपोर्ट 'द ब्रोकन फ्लाईव्हील: बिल्डिंग ए फ्यूचर-रेडी ऑटोमोटिव सप्लाई इकोसिस्टम' के अनुसार, माल खत्म हो जाने के बाद ही खपत के आधार पर इसकी दोबारा आपूर्ति करने वाली कंपनियां आमतौर पर अपने माल भंडार में फंसी पूंजी में 30-40 प्रतिशत तक की कमी कर पाती हैं।

यह अध्ययन उद्योग जगत के 21 वरिष्ठ अधिकारियों के बीच किया गया। इसके लिए आंकड़े जुलाई से अगस्त 2026 के बीच जुटाए गए। अध्ययन में यह भी अनुमान लगाया गया है कि भारत के वाहन कलपुर्जा क्षेत्र में एमएसएमई कंपनियों का कुल कारोबार करीब 2.4-2.9 लाख करोड़ रुपये है। इस क्षेत्र में उत्पादकता में 30 प्रतिशत सुधार से सालाना 74,000-88,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कारोबार हासिल किया जा सकता है। भारतीय कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एसीएमए) के 66वें वार्षिक सत्र में जारी वेक्टर के अध्ययन में पाया गया कि सर्वेक्षण में शामिल 95 प्रतिशत उद्योग प्रमुखों का मानना है कि एमएसएमई भविष्य की वृद्धि के लिए जरूरी क्षमताओं में पर्याप्त तेजी से निवेश नहीं कर रहे हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कारखाने औसतन 75-85 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रहे हैं, जबकि सर्वेक्षण में शामिल 91 प्रतिशत लोगों ने क्षमता को एक बड़ी चुनौती माना। वेक्टर कंसल्टिंग ग्रुप के प्रबंध साझेदार रवींद्र पाटकी ने कहा, "मौका केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है।

यमन में ताजा संघर्ष में 60 से अधिक लोगों की मौत

दुबई, वार्ता। यमन में सरकार समर्थित बलों और हूती विद्रोहियों के बीच शनिवार को हुई लड़ाई में नागरिकों समेत 60 से अधिक लोगों की मौत हो गयी। चिकित्सा और सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। यमनी सैन्य सूत्रों के अनुसार, देश के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में कई घंटे तक चली लड़ाई में सरकारी बलों के 26 जवान मारे गये।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN : L74999RJ1992PLC013387
रजि. कार्यालय :- ए-902ए रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन नंबर 011- 71239900, **ईमेल:** hrd@titanbiotechltd.com, **वेबसाइट:-** www.titanbiotechltd.com

कंपनी के सदस्यों के लिए सूचना
चौंतीसवीं (34वीं) वार्षिक आम बैठक और ई-वोटिंग सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि टाइटन बायोटेक लिमिटेड ("कंपनी") की चौंतीसवीं (34वीं) वार्षिक आम बैठक ("**एजीएम**") **मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को अपराह्न 03:00 बजे IST पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों (ओएवीएम)** के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि कंपनी की 34वीं एजीएम बुलाने की सूचना में निर्धारित अनुसार व्यवसाय का संचालन किया जा सके। एजीएम कंपनी के पंजीकृत कार्यालय ए-902ए, आरआईआईसीओ औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान–301019 में आयोजित मानी जाएगी, जो एजीएम का डीम्ड स्थान होगा।

कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों और एमसीए एवं सेबी द्वारा जारी प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट की सूचना शनिवार, 05 सितंबर, 2026 को उन सभी शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेज दी गई है जिनके ईमेल पते कंपनी और/या डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ("डीपी") के पास पंजीकृत हैं। जिन शेयरधारकों के ईमेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें एमसीए परिपत्र के अनुसार वार्षिक रिपोर्ट तक पहुँचने के लिए वेब लिंक और पथ सहित पत्र भेजे गए हैं।

1. कंपनी अधिनियम की धारा 108, कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और सेबी लिस्टिंग विनियमों के विनियम 44 के अनुसार, कंपनी सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (**सीडीएसएल**) के माध्यम से दूरस्थ **ई-वोटिंग** सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से भी मतदान कर सकते हैं और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से भाग ले सकते हैं।
2. रिमोट ई-वोटिंग अवधि **शनिवार, 26 सितंबर, 2026 को सुबह 10:00 बजे** IST से शुरू होगी और **सोमवार, 28 सितंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे** IST पर समाप्त होगी।
3. मतदान पात्रता (रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम में) के लिए कट-ऑफ तिथि **मंगलवार, 22 सितंबर, 2026** है। केवल वे सदस्य जिनके नाम इस तिथि तक सदस्यों के रजिस्टर या लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दिखाई देते हैं, वोट देने के हकदार होंगे।
4. जिन सदस्यों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के प्रेषण के बाद इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से और कट-ऑफ तिथि से पहले शेयर प्राप्त किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे वोट डालने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के लिए एजीएम की सूचना देखें।
5. जो सदस्य पहले ही रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान कर चुके हैं, वे एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा मतदान करने का अधिकार नहीं होगा।
6. बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रत्येक 2/- रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 0.50/- रुपये के लाभांश की सिफारिश की है, जो एजीएम में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। रिकॉर्ड तिथि मंगलवार, 22 सितंबर, 2026 है। लाभांश आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार कर योग्य होगा।
7. पंकज कुमार गुप्ता, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव (एम/एस. पीकेजी एंड एसोसिएट्स के प्रोपराइटर) को मतदान प्रक्रिया की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से जांच करने के लिए स्क्रूटिनाइज़र नियुक्त किया गया है।
8. कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण पुस्तकें एजीएम और लाभांश के उद्देश्य से बुधवार, 23 सितंबर, 2026 से मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगी।
9. ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या 1800 21 09911 पर कॉल करें।
10) वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट पर निम्नलिखित वेब-लिंक पर उपलब्ध है: https://titanbiotechltd.com/wp-content/uploads/2026/09/ANNUAL-REPORT-TBL-2026.pdf

इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक, जिन्होंने अपना ईमेल या केवाईसी विवरण अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डीपी के साथ ऐसा करें। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को सेबी द्वारा अपने संबंधित फोलियो के लिए पैन, नामांकन का विकल्प, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण और नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना और वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com और स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध कराई गई है। सदस्यों से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी और स्पष्टीकरण के लिए कृपया एजीएम की विस्तृत सूचना देखें।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
स्थान: दिल्ली **चरणजीत सिंह**
दिनांक: 05.09.2026 **कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**